# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 26.7.26 | 3 | 7-8 |

## एचएयू में तीसरे चरण की प्रवेश परीक्षा संपन्न



**हिसार** | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, बीएससी (ऑनर्स) फिजीकल साइंसेज और बीएससी (ऑनर्स) लाइफ साइंसेज (चार वर्षीय) में प्रवेश के लिए तीसरे चरण की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा को व्यवस्थित रखने के लिए विशेष प्रबंध किए और केंद्रों पर निगरानी बढ़ाई।

कुलपति बलदेव राज काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा कर उम्मीदवारों की सुविधा, अनुशासन और संचालन व्यवस्था का निरीक्षण किया। कुलसचिव पवन कुमार तथा परीक्षा नियंत्रक सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने भी केंद्रों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा के दौरान पहचान और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी की गई। परीक्षा में 65.82 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज हुई। विश्वविद्यालय ने उम्मीदवारों और अभिभावकों से अपील की कि दाखिले से जुड़ी ताजा सूचनाओं के लिए विश्वविद्यालय की प्रवेश वेबसाइट और मुख्य वेबसाइट पर नियमित रूप से जानकारी देखते रहें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 26.7.26 | 5 | 3 |

## हकृवि में तीसरे चरण की प्रवेश परीक्षा संपन्न

जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीटेक बायोटेक्नोलाजी, बीएससी (आनर्स) फिजीकल साइंसिज (चार वर्षीय) व बीएससी (आनर्स) लाइफ साइंसिज (चार वर्षीय) की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे।

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा करते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा व परीक्षा के सुचारू ढंग से संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायज़ा लिया।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 26.7.26 | 5 | 7-8 |

## हकृवि में दाखिले के लिए तीसरे चरण की प्रवेश परीक्षा संपन्न

हिसार, 25 जुलाई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, बी.एस.सी. (ऑनर्स) फिजीकल सांइसिज (चार वर्षीय) व बी.एस.सी. (ऑनर्स) लाइफ सांइसिज (चार वर्षीय) की प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई।



*कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए।*

विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। इस परीक्षा में परीक्षार्थियों की 65.82 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा करते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा व परीक्षा के सुचारू ढंग से संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। कुलसचिव डा. पवन कुमार व परीक्षा नियंत्रक डा. सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने परीक्षा केन्द्रों पर जाकर निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 26.7.26 | 5 | 3 |

## हकृवि में दाखिले के लिए तीसरे चरण की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न

हिसार, 25 जुलाई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, बीएससी (ऑनर्स) फिजीकल सांइसिज (चार वर्षीय) व बीएससी (ऑनर्स) लाइफ सांइसिज (चार वर्षीय) की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा करते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा व परीक्षा के सुचारू ढंग से संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। कुलसचिव डॉ पवन कुमार व परीक्षा नियंत्रक डॉ सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने परीक्षा केन्द्रों पर जाकर निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई। इस परीक्षा में परीक्षार्थियों की 65.82 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर चेक करते रहें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 26.7.26 | 5 | 6-8 |

## एचएयू में दाखिले के लिए 65.82 प्रतिशत ने दी परीक्षा

### 1581 में से 1040 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा
### कुलपति ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, बीएससी (ऑनर्स) फिजिकल साइंस (चार वर्षीय) और बीएससी (ऑनर्स) लाइफ साइंस (चार वर्षीय) पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा शनिवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। तीन परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 1581 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 1040 ने भाग लिया। परीक्षा में 65.82 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार और परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुरेंद्र कुमार शर्मा ने भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। डॉ. पवन कुमार ने बताया कि अभ्यर्थियों को पूर्व में एडमिट कार्ड जारी किए गए थे। स्वयं सत्यापित फोटोयुक्त एडमिट कार्ड के बिना किसी को प्रवेश नहीं दिया गया। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हरि. भूमि | 26.7.26 | 9 | 1-2 |

# हकृवि में दाखिले के लिए तीसरे चरण की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न



हिसार। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए।

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, बीएससी (ऑनर्स) फिजीकल सांइसिज (चार वर्षीय) व बीएससी (ऑनर्स) लाइफ सांइसिज (चार वर्षीय) की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा करते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा व परीक्षा के सुचारू ढंग से संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। कुलसचिव डॉ पवन कुमार व परीक्षा नियंत्रक डॉ सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने परीक्षा केन्द्रों पर जाकर निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई। इस परीक्षा में परीक्षार्थियों की 65.82 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।